SAI HOSPITAL
साईं हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
(An ISO 9001:2008 Certified Hospital)
निकट मुखानी चौराहा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
इमरजेन्सी हैल्पलाईन नं. 8192823178
05946-263323, 262950
अब दिल्ली जैसी सुविधा हल्द्वानी में उपलब्ध।
न्यूरो सर्जरी विभाग

डॉ. मिथलेश पाण्डे
M.S., M.Ch.
न्यूरो सर्जन
ओ.पी.डी. प्रातः 10 से 2, सायं 6 से 8
• ब्रेन ट्यूमर • रीढ़ की हड्डी एवं नसों का उपचार • सिर व रीढ़ की चोट • कमर दर्द • हाथ व पैरों में नसों का दर्द • शियाटिका • सुन्नपन • झनझनाहट का उपचार • रीढ़ की हड्डी का आपरेशन • ब्रेन हैमरेज स्ट्रोक, मिर्गी दौरे, बेहोशी / चक्कर आने का उपचार • फालिस पड़ना (लकवा) • सिर दर्द / माइग्रेन - चेहरे का दर्द का उपचार
आम जनता की सुविधा हेतु मंगलवार एवं वृहस्पतिवार को न्यूरो विभाग ओ.पी.डी. परामर्श शुल्क मात्र ₹100/-
डॉ. कुसुम नरियाल
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ., गोल्ड मेडलिस्ट
पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक उत्तराखण्ड सरकार
एक्सीडेंट इमरजेन्सी विभाग
हर प्रकार के एक्सीडेंट इमरजेंसी हेतु
24 घंटे आपातकालीन सुविधा
ICU with Ventilator
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
ओ.पी.डी. प्रातः 10 से 2, सायं 6 से 8
छाती, फेफड़ा, श्वांस रोग एवं क्रिटिकल केयर विभाग
ओ.पी.डी. प्रातः 10 से 2, सायं 6 से 8
हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
THR & TKR
ओ.पी.डी. प्रातः 10 से 2, सायं 6 से 8
एनेस्थीसिया विभाग
अब ऑपरेशन के बाद भी रहेगी दर्द से राहत
नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग
ओ.पी.डी. प्रातः 10 से 2, सायं 6 से 8
प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विभाग
नाक, कान, गला रोग विभाग
ओ.पी.डी. सायं 3 से 4
दंत रोग विभाग
एक बार की बैठक में आर.सी.टी. की सुविधा, गिरते हुए दांतों को फिक्स करना, बिना दर्द के दांत निकालना।
ओ.पी.डी. प्रातः 10 से 2
डायटीशियन
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, किडनी रोगी हेतु स्पेशल डाइट कंसलटेशन
ओ.पी.डी. प्रातः 10 से 5

टला आंदोलन / एसडीएम के आश्वासन पर जन संगठनों का आंदोलन स्थगित, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

तीन माह में दिलायेंगे आवारा, जंगली पशुओं से निजात

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अल्मोड़ा। सर्व सांगठनिक मंच के बैनर तले बंदरों और जंगली पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर गत 22 नवंबर से विभिन्न संगठनों के लोगों का यहां गांधी पार्क में चल रहा धरना सोमवार को एसडीएम विवेक राय के आश्वासन पर तीन माह के लिए स्थगित हो गया है। एसडीएम ने संगठनों की मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

सोमवार को अंतिम दिवस हुई सभा में विभिन्न राजनैतिक, गैर राजनैतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि बंदरों, आवारा कुत्तों व जंगली सुअरों की समस्या से केवल अल्मोड़ा ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश जूझ रहा है। यह वह भी जानते हैं कि इस समस्या का समाधान एक-दो रोज में नहीं हो सकता। उनकी शिकायत तो सिर्फ इस बात की है कि नगर की प्रमुख समस्या से जुड़े इस आंदोलन का संज्ञान लेना तो दूर मंत्री, विधायकों ने धरनास्थल पहुंचने का समय भी नहीं निकाला। जिससे जाहिर होता कि हमारे जनप्रतिनधि शहर की समस्या को लेकर कितने उदासीन हैं। इस मौके पर पहुंचे एसडीएम विवेक राय ने कहा कि वह प्रशासन के नुमाइंदे के तौर पर यहां आये हैं। वह जनता की समस्या को शासन तक पहुंचाने का काम कर सकते हैं, लेकिन कानून बनाने का कार्य सरकार को करना होगा। प्रशासन का कार्य केवल कानून का अनुपालन करना है। उन्होंने कहा कि वह अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करेंगे किस बंदरों व अन्य आवार व जंगली जानवरों की समस्याय का कोई स्थाई हल निकले। एसडीएम को महिला कल्याण संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने एसडीएम को मांग पत्र सौंपा और तीन माह के लिए आंदोलन स्थगित करने की घोशणा की। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का हल नहीं निकला तो नागरिक पुनः आंदोलन शुरू कर देंगे। इस अवसर पर मनोज सनवाल, महिला कल्याण संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल, सचिव पुश्पा सती, अनीता रावत, मंजू अग्रवाल, रीता जोशी, दीपा जोशी, कांग्रेस नेता अमित जोशी, मनोज सनवाल, लीला खोलिया, विद्या गुरूरानी, जीसी जोशी, आनंद सिंह ऐरी, प्रताप सिंह सत्याल, हर्श कनवाल, पीजी गोस्वामी, एसएस बिश्ट, केडी पाण्डेय, सुरेंद्र लाल टम्टा, दिनेश चंद्र तिवारी, दीपा जोशी, सुनयना मेहरा, कमला दुर्गापाल, मंजू जोशी, चंद्रा अग्रवाल, रविन्द्र नाथ गोस्वामी, आरती साह, ममता चैहान, पूनम साह, कमल सिंह कोरंगा, विक्की बिनवाल, कैलाश ऐरी, पूरन सिंह रौतेला, ब्रिगेडियर किशोर जोशी, हरीश जोशी आदि मौजूद थे।

धरना देते विभिन्न जन संगठनों के लोग व एसडीएम को ज्ञापन सौंपती संस्था अध्यक्ष रीता दुर्गापाल। उत्तरांचल दीप

हनुमान नहीं बाली के वंशज हैं यह उत्पाती बंदर

अल्मोड़ा। सभा में ब्रिगेडियर किशोर चंद्र जोशी ने एसडीएम विवेक रॉय से अपील करी कि हिमालच प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में भी बंदरों को मारने की अनुमति प्रदान की जाये। उन्होंने कहा कि हालांकि बंदरों को लेकर धार्मिक भावनाएं भी हैं, लेकिन यह हनुमान जी के वंशज नहीं, बल्कि बाली के वंशज उत्पाती बंदर हैं। जिनका वध भगवान श्री राम को भी करना पड़ा था। इस पर एसडीएम ने कहा कि वह उनकी मांग शासन को भेज सकते हैं, लेकिन कानून बनाना सरकार का काम है।

मंत्री, विधायक के पास धरनास्थल में आने की फुर्सत नहीं : बगडवाल

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा अर्बन को-आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष आनंद सिंह बगड़वाल ने कहा कि अल्मोड़ा के मंत्री, विधायक को शहर में हो रहे एक कार्यक्रम में बैठने की फुर्सत है, लेकिन नगर की प्रमुख समस्या को लेकर चल रहे इतने बड़े आंदोलन के लिए वह अपना वक्त नहीं निकाल पाये। यह जनप्रतिनधियों की बड़ी उदासीनता है।

बंदर पकड़ने को वन विभाग ने खरीदे हैं 21 लाख के उपकरणः एसडीएम

अल्मोड़ा। एसडीएम विवेक राय ने कहा कि बंदरों की समस्या से सभी लोग जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी पालिका व वन विभाग के साथ इस मसले पर एक बैठक कर चुकी हैं। यह बैठक धरना शुरू होने के चार दिन बाद हुई। इस बैठक के दौरान वन विभाग ने बताया कि उन्होंने 21 लाख रूपये के उपकरण खरीदे हैं। जिसके माध्यम से बंदरों को पकड़ कर उनक बंधियाकरण किया जायेगा। जिसके लिए बाड़े की व्यवस्था की जा रही है और इस हेतु विभाग को 59 लाख रूपये शासन स्तर पर जारी होने वाले हैं। एक हफ्ते में धनराशि मिल जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व लगभग 500 से अधिक कुत्तों का बंधियाकरण किया गया था, लेकिन देखा जा रहा है कि जिन कुत्तों का बंधियाकरण हुआ वह अधिक आक्रमक हो गये हैं। इसके अतिरिक्त प्रशासन ने कर्नाटकखोला में कुत्ता बाड़ा के लिए भी जगह का चयन किया है। जिस संबंध में पालिका से बात चल रही है।

तीन दिसंबर से होगा आवारा कुत्तों का बधियाकरणः डीएम

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी इवा आशीष ने बताया कि नगर में आवारा कुत्तों से निजात दिलाने के लिये आगामी 03 दिसम्बर से कुत्तों का बंधियाकरण फेन्डीकोज संस्थान दिल्ली के चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा। इस अभियान में संस्थान की टीम के अलावा जिला प्रशासन, पशुपालन, नगरपालिका द्वारा विशेश सहयोग दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 03 दिसम्बर से प्रारम्भ होने वाले इस अभियान में लगभग 800 से भी अधिक कुत्तों का बंधियाकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिला योजना में इस वर्श 10 लाख रूपया इस अभियान हेतु स्वीकृत किया गया है। जिसमें से 05 लाख रूपया पशुपालन विभाग को जारी भी कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने इस कार्य में विशेश सहयोग की अपील की है।

रैमजे के प्रांगण में होनहारों ने भरी सपनों की उड़ान

सपनों की उड़ान कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी व कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

कार्यक्रम
- विविध प्रतियोगिताओं व प्रदर्शनी का आयोजन

अल्मोड़ा। सर्व शिक्षा अभियान के अंतंगत यहां रैमजे इंटर कालेज में जिला स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं में संजना रावत, हर्षा जोशी, किरन रावत, पूजा पपनै, विजय कुमार, विनीता बिरौड़िया, प्राची अधिकारी, पायल गोस्वामी अव्वल रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने शिरकत की।

डिप्टी स्पीकर चौहान ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा व्यक्ति जीवन में सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में देखे गए सपने साकार करने के लिए कठिन परिश्रम करना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि केवल सती ने भी विचार रखे। प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में जूनियर वर्ग नुक्कड़ नाटक में संकुल कनारीछीना (भैंसियाछाना) विजेता, हवालबाग उपविजेता, स्वरचित कविता पाठ में संजना रावत (ताड़ीखेत), अंजलि सलाल (हवालबाग), पायल बिष्ट (द्वाराहाट), निबंध लेखन में हर्षा जोशी (भिकियासैंण), कनिका गुरूरानी (हवालबाग), तान्या बिष्ट (ताड़ीखेत), चित्रकला प्रतियोगिता में किरन रावत (ताड़ीखेत), सौरभ कुमार(चौखुटिया), हर्षिता कार्की (भैंसियाछाना), शैक्षिक स्टाल में हवालबाग, लमगड़ा, ताड़ीखेत क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वाद-विवाद के पक्ष में पूजा पपनै (द्वाराहाट) और विपक्ष में विजय कुमार (ताड़ीखेत) अव्वल रहे। प्राथमिक वर्ग में स्वरचित कविता पाठ में विनीता बिरौड़िया (हवालबाग), गुंजन आर्या (द्वाराहाट), यशोदा (स्याल्दे), निबंध लेखन में प्राची अधिकारी (द्वाराहाट), प्रदीप कुमार (ताड़ीखेत), हर्षिता पाण्डे (धौलादेवी), चित्रकला में पायल गोस्वामी (द्वाराहाट), साविया अंसारी (लमगड़ा), संध्या पपनोई (स्याल्दे) ने पहला, दूसरा, तीसरा स्थान पाया। नुक्कड़ नाटक में हवालबाग विजेता और ताड़ीखेत उपविजेता रहा। अध्यक्षता जिला परियोजना अधिकारी राय साहब यादव, संचालन जिला समन्वयक प्रेरणा गुरूरानी ने किया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी, डीईओ माध्यमिक हर्ष बहादुर चंद, उप शिक्षा अधिकारी हरीश रौतेला, बीईओ विनय कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष कैलाश गुरूरानी, हरीश ढैला, नीलम वर्मा, रेखा गोस्वामी, कमल अधिकारी, दीपक नैनवाल आदि मौजूद थे।

सार्वजनिक स्थान पर बीड़ी पीने ठोका पर 500 का जुर्माना

अल्मोड़ा। उत्तराखंड कूड़ा फेंकना एवं थूकना प्रतिशेध विधेयक 2016 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में जिलाधिकारी इवा आशीष श्रीवास्तव ने सोमवार को स्वयं जिला कार्यालय की सीढ़ियों के पास सार्वजनिक स्थान में बीड़ी पीने पर राजेंद्र सिंह पुत्र राम सिंह ग्राम भेटुली से चालान कर 500 रुपये का अर्थदण्ड वसूला।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक का कड़ाई से पालन हो इसके लिए अनेक अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नामित किया गया है जो स्थान-स्थान पर कूड़ा, कचरा, प्लास्टिक अन्य जीव अनाशित, सीवर बहाना आदि का निरीक्षण कर मौके पर ही चालान करेंगे इसके लिए नगरपालिका के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अधिवेशन के नाम पर देहरादून मौज उड़ाने चल दिये 500 शिक्षक

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

महानिदेशक ने डेलीगेट की सूची तलब की

अल्मोड़ा। शिक्षा महानिदेशक के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सारे नियमों को ताक में रखते हुए देहरादून में संपन्न शिक्षकों के अधिवेशन में अल्मोड़ा जनपद से पांच सौ से अधिक शिक्षक अधिवेशन में शामिल होने दून चले गये। इन शिक्षकों ने बिन बात के एक सप्ताह तक की छुट्टी लेकर मौज उड़ाई। सीईओ जगमोहन सोनी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी डेलीगेट शिक्षकों की सूची सभी बीईओ से उपलब्ध कराने को कहा है। इस सूची को निदेशालय को प्रेशित किये जाने की तैयारी की जा रही है। ज्ञातव्य है कि विगत 22 नवंबर से 25 नवंबर तक दून में राजकीय शिक्षक संघ का अधिवेशन संपन्न हुआ था। अधिवेशन में शिक्षकों की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाना था और प्रत्येक जिले से शिक्षक प्रतिनिधि (डेलीगेट) को प्रतिभाग करना था और इसके लिए शिक्षा महानिदेशक आलोक शेखर तिवारी ने 21 नवंबर को दून से अधिवेशन में केवल डेलीगेटों के प्रतिभाग करने संबंधित आदेश जारी किये थे साथ ही सभी जिलों के सीईओ को इस बाबत कड़े निर्देश दिए गये थे। उक्त आदेश में साफ तौर पर उल्लेख था कि डेलीगेट के इतर कोई भी शिक्षक यदि अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। महानिदेशक से मिले निर्देश के बाद अल्मोड़ा के सीईओ जगमोहन सोनी ने सभी ब्लॉकों के डेलीगेट शिक्षकों की सूची तलब की, लेकिन इसमे कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। पता चला कि कई ऐसे शिक्षक बिना बताये अधिवेशन में प्रतिभाग करने पहुंच गए। इसका पता चलने पर सीईओ ने संबंधित शिक्षकों की सूची तलब की। अकेले ताड़ीखेत ब्लॉक में 309 शिक्षकों में से 127 शिक्षक अधिवेशन में प्रतिभाग करने चले गये।

यही स्थिति अन्य दस ब्लॉक के शिक्षकों की भी रही। मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने शिक्षकों के इस प्रकार के रवैये पर गहरी नाराजगी जतायी है। विभागीय सूत्रों की मानें तो अधिवेशन के लिए अकेले अल्मोड़ा से करीब पांच सौ से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। अब देखना यह है कि मुख्य शिक्षा अधिकारी व निदेशालय में बैठे अधिकारी इन शिक्षकों पर कार्रवाई करने का साहस कर पाते है या नही। ज्ञात रहे कि डेलीगेट के मानक के अनुसार प्रत्येक दस शिक्षकों में एक डेलीगेट (शिक्षक प्रतिनिधि) शिक्षक चुना जाता है। डेलीगेट को अधिवेशन में प्रतिभाग करने के लिए 24 घंटे पहले स्कूल में सूचना देनी होती है। साथ ही अधिवेशन के बाद 24 घंटे का बाद तक यात्रा भत्ता एवं छुट्टी मिलती है, लेकिन डेलीगेट के नाम पर कई शिक्षक अपने-अपने विद्यालय से 48 घंटे पहले ही छुट्टी लेकर चले गए और अधिवेशन के नाम पर करीब एक सप्ताह तक छुट्टी मार मौज उड़ाई।

गोष्ठी में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का किया आह्वान

अल्मोड़ा। निर्मल सेवा समिति अल्मोड़ा एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में वर्तमान अर्थव्यवस्था व स्वदेशी पर आयोजित विचार गोष्ठी में आम नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया गया। सोमवार को वन विभाग के चिंतन सभागार में निर्मल सेवा समिति के संयोजक डॉ. मंजुला बिष्ट ने कहा कि आजादी के बाद हजारों की संख्या में विदेशी कंपनियों का जाल पूरे देश में फैला हुआ है, जो हमें लूटने का काम कर रहा है। कहा कि हम तेजी के साथ विदेशी प्रोडेक्टों के कारण उनके आर्थिक गुलाम हो रहे है। शीतल पेय के नाम पर पेप्सी कोकाकोला विदेशी कंपनियां करोड़ों रूपये का कारोबार कर अपने देश ले जा रही है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियां जन-स्वास्थ्य को ताक में रख देश की भूगर्भीय जल-संपदा का दोहन करने पर तुली हुई है। इससे पूर्व संगोश्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंजुला बिष्ट ने वैदिक मंत्रों के साथ किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कांडपाल, डॉ. एसएस पथनी, डॉ. वसुधा पंत, बीसी पांडे, आनंद सिंह बिष्ट, मनोहर सिंह, भूपेंद्र सिंह वल्दिया, कृपाल सिह, हर्षवर्धन, पूजा सत्याल, पूजा सांगा, सुरेंद्र बिष्ट आदि मौजूद थे। संचालन भारत स्वाभिमान के जिलाध्या रूप सिंह बिष्ट ने किया।

हंसादत्त भट्ट के निधन पर शोक

अल्मोड़ा। उपपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कफड़ा निवासी मोहन चंद्र भट्ट के पिता हंसा दत्त भट्ट (75 वर्श) का निधन हो गया है। वह पिछले 5 वर्षों से केंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। यहां उपपा कार्यालय में आयोजित एक शोक सभा में उनके निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व. हंसा दत्त भट्ट कपड़ा व्यापार संघ से जुड़े रहे और उन्हे 1990 में अल्मोड़ा के जिलाधिकारी ने सम्मानित भी किया था। वह महेन्द्र सिंह टिकैत की अगुवाई वाली भारतीय किसान यूनियन से भी जुड़े रहे। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गयी। शोक सभा में आंनदी वर्मा, अनूप तिवारी, अमीर्नुरहमान, गोपाल, आनंदी मनराल, वंदना, विमला आदि मौजूद रहे।

महर्षि की लक्ष्मी, भूमिका और अंजलि का प्रदेश स्तर पर चयन

भूमिका कनवाल, अंजलि बसेरा, लक्ष्मी जीना।

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

उपलब्धि
- खेल महाकुंभ देहरादून में लेंगी हिस्सा

अल्मोड़ा। महर्षि विद्या मंदिर पपरसली, एनटीडी के तीन छात्राओं का चयन खेल महाकुंभ 2017 में प्रदेश स्तर के लिए हुआ है। इनमें लक्ष्मी जीना, भूमिका कनवाल तथा अंजली बसेड़ा शामिल हैं। गत दिनों स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम अल्मोड़ा में आयोजित खेल महाकुंभ 2017 के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर पपरसली की तीन छात्राओं ने जनपद स्तरीय विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया। कक्षा 9 की छात्रा लक्ष्मी जीना ने एथलेटिक्स में 600 मी. एवं 800 मी. अंडर 14 प्रतियोगिताओं में जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया उन्होंने बैडमिंटन डबल्स में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। लक्ष्मी ने तीन प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा भूमिका कनवाल ने बैडमिंटन डबल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा अंजलि बसेड़ा ने बैडमिंटन एकल में पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। विद्यालय की इन तीनों छात्राओं का प्रदेश स्तरीय खेल महाकुंभ 2017 के लिए देहरादून हेतु चयन हुआ है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी इवा आशीश, मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी, प्रधानाचार्य बीबी भट्ट, पीटीआई विद्या सागर सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने हर्श व्यक्त करते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

नाराजगी / जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं समन्वय समिति की बैठक

जिला स्तरीय अधिकारियों की गैर हाजिरी पर बिफरी डीएम

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

अधिकारियों की बैठक लेती डीएम इवा आशीष। उत्तरांचल दीप

अल्मोड़ा। कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं समन्वय समिति की बैठक लेते हुये जिलाधिकारी इवा आशीष श्रीवास्तव ने ऋण जमा अनुपात की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैकर्स को विभागीय अधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाकर ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने के निर्देश दिये। जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सख्त नाराजगी जताते हुए उन्हें तीन दिन के भीतर निर्देश देने के सख्त निर्देश जारी किये। जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि वे बैठक में सक्षम अधिकारी की उपस्थित ही सुनिश्चित करें अगर किसी कारणवश सक्षम अधिकारी उपस्थित नहीं हो पाते है तो बैठक के लिये अधिकृत अधिकारी ही उपस्थित रहे। अनेक बैंको के अधिकारियों के उपस्थित न होने पर उन्होंने लीड बैंक अधिकारी निर्देश दिये कि अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेते हुये राज्य स्तरीय सलाहकार समिति एवं आरबीआई को सूचित करना सुनिश्चित करें। जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उन्होंने 3 दिन के भीतर सम्बन्धितों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। अगर स्पष्टीकरण 3 दिन के भीतर प्राप्त नहीं होगा तो सम्बन्धित अधिकारी के वेतन रोकने के निर्देश भी उन्होंने दिये। जिलाधिकारी ने वार्षिक ऋण योजना एवं फसली ऋण योजना की समीक्षा करते हुए अनेक बैंकों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अगली बैठक में प्रगति बढाने के निर्देश दिये। कृषि मियादी ऋण की समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के लिए सभी बैंकों को विशेष प्रयास किये जाने पर जोर देते हुए इस क्षेत्र में उपलब्धि बढाने हेतु चालू वित्तीय बर्ष के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा। लघु उद्योग एवं सेवा व्यवसाय क्षेत्र में लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धी समय से प्राप्त करने के निर्देश दिये। कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि जंगली जानवरों द्वारा फसलों को किये जा रहे नुकसान से बचाव के लिये घेरबाड़ में किसानों को सब्सिडी प्रदान किये जाने के लिये शासन स्तर पर पत्राचार किया जाये। बैठक में लीड बैंक अधिकारी जगदीश कुमार ने त्रैमासिक प्रगति की आख्या प्रस्तुत की और कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मयूर दीक्षित भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबन्धक महेश बड़थ्वाल, डीडीएम नाबार्ड मनोज कुमार शर्मा, आरसेटी निदेशक पीसी जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी प्रियंका सिंह, महाप्रबंधक उद्योग दीपक मुरारी सहित अनेक शाखा प्रबन्धक तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

चितई पंत में डीएम की चौपाल कल

अल्मोड़ा। प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय ने बताया कि 29 नवंबर को सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत 3 बजे से ग्राम चितई पंत अल्मोड़ा में एक चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी इवा आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया जायेगा। उन्होंने इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान, विद्युत, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

जगदीश कलर लैब
JAGDISH COLOUR LAB
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
मोबाइल,चिप,डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव,सी डी आदि से फोटो तुरन्त बनवाये!
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है!
05944-246817, 9837400581, 9927308937, 9837427743
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने जे पी एस गली रूद्रपुर
E-mail : jagdishcolourlab@gmail.com Web : www.jagdishcolourlab.com